**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 06.09.23**

**थाना लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा मोबाईल लूट की घटना का सफल अनावरण कर दो लुटेरों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से लूटा हुआ मोबाईल बरामद ।**

दिनांक 03.09.23 की रात्रि करीब 08 बजे एक व्यक्ति से टीला गांव के HDFC बैंक के पास एक मो0सा0 पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक मोबाईल फोन VIVO –V 23 Pro रंग सनसाइन गोल्ड छीन लिया था जिसके सम्बन्ध में श्री आशीष s/o नरेश प्रसाद पता श्री राम कालोनी थाना टीला मोड गा0बाद द्वारा थाना लोनी बोर्डर पर दिनांक 05.09.23 को तहरीर दी थी जिसके आधार पर थाना लोनी बॉर्डर पर सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना के अनावरण हेतु थाना लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे, सर्विलांस एवं मैनुअल इनपुट की मदद ली गयी। दिनांक 05.09.23 को मुखबिर की मदद से घटना का सफल अनावरण कर बेहटा हाजीपुर नहर रोड़ से दो अभि0गणों 1- अजय पुत्र रमेश उम्र 25 वर्ष नि0 गली नं0 16 गगन विहार थाना टीला मोड गाजियाबाद उम्र 2- रोहित उर्फ लंका पुत्र राकेश उम्र 25 वर्ष नि0 ब्लाक ई1, म0नं0 184 गगन सिनेमा के सामने नन्द नगरी थाना नन्द नगरी उत्तर पूर्वी दिल्ली को लूटे गये मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया।

**अभि0गणों से पूछताछ का विवरणः-** अभि0गणों से पूछताछ की गयी तो अभि0गणों ने एक स्वर में बताया कि सर दि0 03.09.2023 की रात को एक लडका मोबाइल पर बात करता हुआ टीला गांव के लोनी रोड पर जा रहा था तो हम दोनों ने इसी मोटरसाईकिल पर सवार होकर उस लडके से फोन छीनकर भाग गए थे। आज हम इसको राह चलते लोगो को बेचने के लिए आए थे लेकिन आपने पकड लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –**

1- अजय पुत्र रमेश उम्र 25 वर्ष नि0 गली नं0 16 गगन विहार थाना टीला मोड गाजियाबाद
2- रोहित उर्फ लंका पुत्र राकेश उम्र 25 वर्ष नि0 ब्लाक ई1, म0नं0 184 गगन सिनेमा के सामने नन्द नगरी थाना नन्द नगरी उत्तर पूर्वी दिल्ली

**अभि0गण से बरामदगी का विवरण -**

1.लूटा हुआ मोबाईल फोन वीवो रंग गोल्डन

2. घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल

**अभियुक्तगण उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**

अभि0गण उपरोक्त के विरुद्ध 01 अभियोग लूट का थाना लोनी बोर्डर पर दर्ज है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम।

**स्वाट टीम ग्रामीण जोन एवं थाना भोजपुर पुलिस टीम द्वारा विद्युत लाइनों से तार चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 06 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 कटर , एक प्लास ,एक हथौडा, एक ब्लेड, तार को नीचे खींचने वाली बैल्ट, (बिजली के तार काटने के उपकरण ) ,02 कट्टे एल्युमिनियम व लोहे का मुडा हुआ तार , 06 बंडल एल .टी. लाईन व दो बंडल हाईटेशन लाईन बिजली के तार बरामद ।**

दिनांक 06/09/2023 को थाना भोजपुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान चौकी क्षेत्र चुडियाला मे भटजन चौराहे के पास थाना भोजपुर से 06 अभियुक्तों को मय बिजली तार काटने के औजार / उपकरण सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभि0गण की निशानदेही पर जनपद मेरठ के अन्य कई थाना क्षेत्रों से चोरी किये गये हाईटेंसन व एल.टी लाईन बिजली के तार को बरामद किया गया है । गिरफ्तार शुदा अभि0गण नरेन्द्र उर्फ चचा पुत्र अतर सिंह , चिन्दी उर्फ जगत उर्फ मामा पुत्र सुक्कन उर्फ सुक्खे , सलमान पुत्र अनवर , मनोज चौधरी पुत्र राजसिंह , नावेद पुत्र मुमतियाज व इंतजार पुत्र अलाउद्दीन के विरूद्ध आवश्यक विधकि कार्यवाही की जा रही है ।

## <u>पूछताछ का विवरण</u>

गिरफ्तार अभि0गण के द्वारा एक स्वर मे बताया गया कि हम सभी अपने भागे हुये साथी 1. प्रवीन उर्फ नवीन जितेन्द्र 3. राहुल बंगाली 4. राजू दाढी 5. पग्गल उर्फ आकाश निवासीगण मिसलगढी आकाश नगर किराये के मकान मे थाना मसूरी के साथ मिलकर खेतो के रास्ते से जा रही हाईटेंशन लाईन व एल. टी. लाईन के बिजली के तार को अपने साथ लिये औजारो से काटकर खेतो में गिरा लेते है और खेतों मे गिरे कटे हुये तार को जगह-जगह से काटकर छोटे-छोटे बंडल बनाकर गाडीं में डालकर ले जाते है व अपने साथी इंतजार को दे देते है । इंतजार कबाडे का काम करता है जो हम लोगों को बराबर पैसा बाँटकर देता है । इसी काम से हमारी रोजी रोटी चल रही है और परिवार पल रहा है । इंतजार कबाडी हमसे लिये हुये चोरी के माल को एक नम्बर का बताकर आबिद कबाडी मेरठ को गलाने के लिये दे देता है । दिनाकं 30.08.2023 को हममें से नरेन्द्र , चिन्दी उर्फ जगत ,मनोज चौधरी व हमारे फरार साथी राहुल बंगाली , राजू दाढी , प्रवीन उर्प नवीन , जितेन्द्र व पग्गल उर्फ आकास के साथ मिलकर लोहा व बिजली के तार चोरी करने के उद्वेश्य से ग्राम हृदयपुर भंडोला पानी की टंकी के पास बुलेरो पिकअप गाडी व दो मो0सा0 लेकर चोरी करने आये थे लेकिन गाँव के लोगों के द्वारा देखने व पकडे जाने के डर से हम लोग मो0सा0 लेकर व खेतों के रास्ते से बुलेरो पिकअप गाडी को मौके पर छोडकर भाग गये थे मौके पर छूटी गाडी का पंजीकृत सवामी सलमान निवासी मुरादनगर है जिसे मनोज चौधरी निवासी मुरादनगर चलाकर ले जाता था । तथा हम सभी आठो लोगों ने करीब 10 दिन पहले भी जनपद मेरठ के परीक्षितगढ थाना क्षेत्र से खेतो के रास्ते जा रही नई हाईटेंशन लाईन से तार चोरी करने के लिये गाडी व मो0सा0 सहित गये थे लेकिन वहाँ पर भी गाँव वालो के आने पर हम मौके पर ही बुलेरो पिकअप गाडी व दो मो0सा0 छोडकर भाग गये थे ।

## <u>गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता</u>

1. नरेन्द्र उर्फ चचा पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम मलिकपुर थाना मण्डी धनौरा जिला अमरोहा वर्तमान पता आकाश नगर , रिवेरा फार्म हाउस के ऊपर थाना मसूरी गाजियाबाद उम्र 40 वर्ष
2. चिन्दी उर्फ जगत उर्फ मामा पुत्र सुक्कन उर्फ सुक्खे निवासी मौहल्ला तुलसी विहार थाना दादरी जनपद गौतमबुद्ध नगर वर्तमान पता आकाश नगर नियर त्यागी होस्टल थाना मसूरी गाजियाबाद उम्र 50 वर्ष
3. सलमान पुत्र अनवर निवासी मौहल्ला मलिक नगर थाना मुरादनगर गाजियाबाद उम्र 28 वर्ष
4. मनोज चौधरी पुत्र राजसिंह निवासी गली नं. 5 गुड़ मण्डी के सामने थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद उम्र 32 वर्ष
5. इंतजार पुत्र अलाउद्दीन निवासी मौलाना आजाद कालोनी बेहटा हाजीपुर थाना लोनी बार्डर गाजियाबाद उम्र 32 वर्ष
6. नावेद पुत्र मुमतियाज निवासी मौहल्ला मलिक नगर थाना मुरादनगर गाजियाबाद उम्र 24 वर्ष

**<u>बरामदगी का विवरण</u>**

- **02 कटर**
- **एक हथौडा,**
- **एक प्लास**
- **एक ब्लेड**
- **तार को नीचे खींचने वाली बैल्ट**

} **बिजली तार काटने के उपकरण**

- **02 कट्टे एल्युमिनियम व लोहे का मुडा हुआ तार -**
- **06 बंडल एल .टी. लाईन बिजली तार**
- **दो बंडल हाईटेशन लाईन बिजली के तार**

***<u>आपराधिक इतिहास-</u>***

अभियुक्त चिन्दी उर्फ जगत उर्फ मामा (गैंग सरगना) के विरूद्ध जनपद मेरठ, हापुड , गाजियाबाद व बुलन्दशहर मे बिजली तार चोरी , मारपीट/जानलेवा हमला व धोखाधडी के एक दर्जन से ज्यादा अभियोग व फरार अभियुक्त प्रवीन उर्फ नवीन के विरूद्ध जनपद हापुड व मेरठ मे बिजली तार चोरी व धाखाधडी के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है व अन्य गिरफ्तार अभि0गण के विरूद्ध कोई आपराधिक इतिहास नही है।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम</u>**

स्वाट टीम ग्रामीण जोन कमिश्नरेट गाजियाबाद
थाना भोजपुर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

# <u>प्रेस नोट</u>

## पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद-दिनांक 06.09.2023

**थाना इन्दिरापुरम पुलिस द्वारा आदित्य माल स्थित रेस्टोरैन्ट मे जान से मारने की नीयत से फायरिंग करते हुये गार्ड को घायल करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार । अभियुक्त के पास से 01 चोरी की गयी स्कूटी, 01 देसी पिस्टल व 04 जिन्दा कारतूस बरामद।**

दिनांक 29.08.23 को वादी श्री रिजवान पुत्र जमालुद्दीन निवासी मसूरी, गाजियाबाद द्वारा आदित्य माल में स्थित उनके द रौक रैस्टोरैन्ट एंड हुक्का कैफे पर फायरिंग करने व मौजूद गार्ड को गोली मारकर घायल कर फरार हो जाने के सम्बन्ध मे 03 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध थाना इन्दिरापुरम पर एक अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये घटना के अनावरण हेतु कुल 05 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जिनके द्वारा दिनांक 05.09.23 को मुखबिर खास की सूचना के आधार पर सै0 62 अंडरपास के पास से उक्त घटना को कारित करने वाले अभियुक्त इमरान पुत्र हारुन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 1 देशी पिस्टल व 04 जिंदा कारतूस व कविनगर से चोरी की गयी स्कूटी को बरामद कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है ।

**<u>पूछताछ का विवरण –</u>** गिरफ्तार किए गए अभियुक्त इमरान से पूछताछ की गई तो बताया कि चांद व मुन्ना मेरे दोस्त है जो काँच कलब झिलमिल दिल्ली मे काम करते है। घटना से करीब 3-4 दिन पहले चांद व मुन्ना आदित्य माल स्थित द रौक रेस्टोरैन्ट एंड हुक्का कैफे में आये थे जहाँ पर अंदर जाने को लेकर वहा पर मौजूद गार्ड व मैनेजर से उनकी कहासुनी हो गयी थी जिसके बाद वो दोनो नाराज होकर वहा से वापस चले आये। इन लोगों ने मुझे व हमारे दो अन्य साथी रईस पुत्र मो0 हाकिम निवासी टी 104 झुग्गी चित्रा विहार थाना प्रीत विहार ईस्ट दिल्ली व रमेश उर्फ विक्की उर्फ कनकटा पुत्र उदयभान निवासी बेगा बोन्ड गीता कालोनी शाहदरा दिल्ली से द रौक रैस्टोरैन्ट व हुक्का कैफे मे जाकर फायरिंग करने को कहा व फायरिंग करने के लिये एक पिस्टल चाँद ने हमें दी थी ।
मैने अपने साथी रईस व रमेश उर्फ विक्की के साथ मिलकर आदित्य माल मे स्थित द रोक रैस्टोरैन्ट एंड हुक्का कैफे पर दिनांक 29.8.23 को रात में फायरिंग की थी और वहाँ से फरार हो गये थे। बरामदा पिस्टल वही पिस्टल है जिससे मैने फायरिंग की थी व चाँद द्वारा दी गयी पिस्टल उसको वापस कर दी गयी थी।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण</u>**

1- इमरान पुत्र हारुन निवासी बी 523 गली न0 4 कबीर नगर थाना वेलकम दिल्ली मूल निवासी गावं मीरपुर पोस्ट बागवाला थाना अगौता बुलंदशहर

**<u>बरामदगी</u>**

- 01 पिस्टल व 04 जिंदा कारतूस
- एक स्कूटी (कविनगर से चोरी की गयी )

**<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्त गण</u>**

- थाना इन्दिरापुरम पर 01 अभियोग व दिल्ली मे 01 अभियोग ।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम

## थाना खोड़ा पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर लुटेरे गिरफ्तार, कब्जे से लूट का मोबाईल व घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद

दिनांक 05.09.2023 को वादी श्री अमित यादव पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी गाँव यादव मेडीकल वाली गली डेरी के सामने चोथा मकान राधेश्याम का मकान भारत नगर थाना खोडा जनपद गाजियाबाद मूल पता गाँव यादवगढी थाना मिरहची जिला एटा के द्वारा दो अज्ञात स्कूटी सवारों द्वारा वादी का मोवाईल REAL ME C-20 रंग ग्रे को छीन कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना खोडा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया था। दिनांक 05.09.2023 को पुलिस टीम के द्वारा दो अभियुक्तगणों को मुकदमा उपरोक्त में लूटे गये मोबाईल व लूट करने में प्रयुक्त स्कूटी सहित खोडा गाँव टी पोईन्ट से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता**

1. मो0 जुबेर पुत्र मो० अकरम निवासी नूरानी मस्जिद के बगल वाली पतली गली लोकप्रिय विहार थाना खोडा जनपद गाजियाबाद

2. सादिक पुत्र नफीश निवासी नूरानी मस्जिद वाली गली सारिक की परचून की दुकान के सामने लोकप्रिय विहार थाना खोडा जनपद गाजियाबाद मूल पता गाँव सीकरी थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर

**बरामदगी का विवरण –**

- मोबाईल REAL ME C-20 रंग ग्रे
- लूट में प्रयुक्त स्कूटी
- 

**अभियुक्तगणों का आपराधिक इतिहास**
अभि0 जुबेर उपरोक्त के विरूद्ध थाना खोडा कमिश्नरेट गा0बाद पर 03 अभियोग पंजीकृत है।
अभि0 सादिक उपरोक्त के विरूद्ध थाना खोडा कमिश्नरेट गा0बाद पर 03 अभियोग पंजीकृत हैं।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम**
थाना खोडा पुलिस टीम

## थाना अंकुर विहार पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटर साईकिल बरामद।

दिनांक 06.09.2023 को थाना अंकुर विहार पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त आशीष भारद्वाज उर्फ सिब पुत्र योगेश शर्मा नि0 बी- 104 एसएलएफ वेद विहार थाना अंकुर विहार गाजियाबाद को चोरी की मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना अंकुर विहार पर सुंसगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि साहब यह मोटरसाईकिल मैंने लगभग 6-7 दिन पहले एफ ब्लाक खजूरी खास दिल्ली से चोरी की थी । मै मोटरसाईकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर घटना करता हूं, ताकि पकडा न जा सकूं, आज मै इस मोटर साईकिल पर किसी घटना को कारित करने के उद्देश्य से जा रहा था, कि आपने पकड लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता**

आशीष भारद्वाज उर्फ सिब पुत्र योगेश शर्मा नि0 बी- 104 एसएलएफ वेद विहार थाना अंकुर विहार गाजियाबाद

**बरामदगी का विवरण**

एक मोटर साईकिल हीरो स्पलेण्डर प्लस

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास**

अभियुक्त के विरुद्ध थाना अंकुर विहार पर चोरी का 01 अभियोग तथा 24 अभियोग दिल्ली में पंजीकृत है।

**गिरफ्तार एंव बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना अंकुर विहार पुलिस टीम

## थाना निवाड़ी पुलिस टीम द्वारा मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

आज दिनांक 06.09.2023 को थाना निवाड़ी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड भीड भाड वाले स्थान, बाजार व चलती बसो एव मैट्रो ट्रेनों में जनता की जेबो व बैग इत्यादि से मोबाइल चोरी की घटनाओ को अंजाम देने वाले 02 शातिर अभियुक्तगण 1.अजय पुत्र संजय निवासी ग्राम अबुपुर थाना निवाडी गा0बाद 2.अंकित शर्मा पुत्र स्व0 कैलाशचंद निवासी ग्राम अबुपुर थाना निवाडी गा0बाद को मुखबिर की सूचना पर ग्राम अबूपुर गेट NH-58 के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से भिन्न भिन्न कम्पनियों के चोरी किये गये 09 मोबाईल फोन बरामद हुए। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### पूछताछ का विवरण-

अभियुक्तगणों ने पूछताछ करने पर बताया कि हम गाजियाबाद क्षेत्र मे बसों में व भीड वाले स्थानों पर व शादी समारोह में आम जनता की जेबो से चोरी छिपे मोबाईल निकाल लेते है तथा चलते फिरते लोगों को मोबाइल बेचकर पैसा अर्जित करते है।

### नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त

1.अजय पुत्र संजय निवासी ग्राम अबुपुर थाना निवाडी गा0बाद
2.अंकित शर्मा पुत्र स्व0 कैलाशचंद निवासी ग्राम अबुपुर थाना निवाडी गा0बाद

**बरामदगी का विवरण-**

09 मोबाईल भिन्न भिन्न कम्पनियों के

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

पुलिस टीम थाना निवाड़ी

**थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा मोबाईल लूट की घटनाओं को कारित करने वाला 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार , कब्जे से घटनाओं में प्रयुक्त की गयी चोरी की मोटर साईकिल बरामद।**

दिनांक 05.09.2023 को थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा चेकिंग/ गश्त के दौरान समय वसुन्धरा सै0 2 सी कट के पास से मोबाइल लूट करने वाले अभियुक्त बिलाल पुत्र महमूद निवासू रामशरण वाली गली म0न0 330 गावं साहिबाबाद थाना लिंक रोड गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया है। कब्जे से चोरी की गयी मोटरसाईकिल को बरामद किया गया है जिसके सम्बन्ध मे आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण -** अभियुक्त बिलाल से पूछताछ की गयी तो बताया की वह व उसका साथी पप्पू निवासी रामशरण वाली गली चन्ना की हवेली मे किरायेदार गावं शाहिबाबाद थाना लिंक रोड मोटरसाईकिल बदल-बदल कर मोबाईल छीनने की घटना कारित करते है और राह चलते व्यक्तियों को अपनी मजबूरी बताकर बेच देते है। अभियुक्त के पास से बरामद मोटरसाइकल के सम्बन्ध में वर्ष 2022 में ईएमवी थैफ्ट क्राईम ब्रांच दिल्ली मे अभियोग पंजीकृत है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त –**

बिलाल पुत्र महमूद निवासी रामशरण वाली गली म0न0 330 गावं साहिबाबाद थाना लिंक रोड गाजियाबाद

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त-**

अभियुक्त के विरुद्ध थाना इन्दिरापुरम पर 08 अभियोग, थाना लिंक रोड पर 03 अभियोग व दिल्ली में 01 अभियोग पंजीकृत है।

**<u>बरामदगी का विवरण</u>**

**एक मोटरसाईकिल टीवीएस अपाचे**

**<u>गिरफ्तारी/ सहयोग  करने वाली पुलिस टीम-</u>**

थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम